Regarding need for a third party audit and review works under the Satna Smart City Project-Laid

श्री गणेश सिंह **(सतना) :** मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान प्रधानमंत्री जी की स्मार्ट सिटी योजना की ओर दिलाना चाहता हूँ, जिसके अन्तर्गत देश के 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें मध्य प्रदेश के सात शहरों को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में लिया गया है, उसमें मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना को भी शामिल किया गया है । अभी तक इस प्रोजेक्ट में काफी अनियमितताएं हुई हैं, गुणवत्ता विहीन कार्य हुए हैं, और पैसे का दुरुपयोग भी हुआ है । मेरी सरकार से मांग है, कि सतना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक कर थर्ड पार्टी ऑडिट कराई जाए ।